# केन्द्रीय विद्यालय संगठन
# KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN

## आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, भुवनेश्वर
## ZONAL INSTITUTE OF EDUCATION & TRAINING, BHUBANESWAR

# दीक्षण

तिमाही ई-पत्रिका (अप्रैल- जून 2026)

### हमारे संरक्षक

**थीम:**
**योग : मन, शरीर और आत्मा के बीच सामंजस्य के लिए**



**श्री विकास गुप्ता,** भा. प्र. से.
आयुक्त
के. वी. सं. मुख्यालय



**सुश्री पी.बी.एस. उषा**
संयुक्त आयुक्त (प्रशिक्षण)
के. वी. सं. मुख्यालय



**श्री सरदार सिंह चौहान**
उपायुक्त एवं निदेशक
के. वी. सं. जीट भुवनेश्वर

Website: http://www.zietbhubaneswar.kvs.gov.in
Blog: https://zietbbsronline.blogspot.com
https://www.facebook.com/ziet.bhubaneswar.9
https://twitter.com/zietbhubaneswar



# निदेशक की कलम से.........

आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, भुवनेश्वर की त्रैमासिक ई-न्यूज़लेटर 'दीक्षण' के शैक्षणिक सत्र 2026-27 का पहला अंक प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है । इस सत्र में हमारे संस्थान में कुल 60 कार्यशालाओं के माध्यम से लगभग 2800 से ज्यादा कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया है और न्यूजलेटर का यह अंक अप्रैल से जून 2026 तिमाही के दौरान हमारे संस्थान द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों और अन्य गतिविधियों की झलक प्रस्तुत करता है ।

इस तिमाही में संस्थान के द्वारा केन्द्रीय विद्यालय संगठन के शिक्षकों के साथ-साथ परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालयों के शिक्षकों के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । प्रशिक्षुओं में प्राथमिक शिक्षक, प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक, पुस्तकालयाध्यक्ष, स्नातकोत्तर शिक्षक के अलावा बालवाटिका शिक्षक और कार्यालय कर्मचारी भी शामिल थे । वर्तमान समय के कई महत्वपूर्ण विषय जैसे - नई पाठ्यपुस्तकों का उन्मुखीकरण, योग्यता आधारित शिक्षण पद्धति, आंदमय शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए शिक्षण पद्धतियाँ, रणनीतिक सामग्री विकास और उच्च-प्रभाव वाले संसाधनों का निर्माण, ई-कंटेन्ट, छात्रों में 21 वीं सदी के कौशल विकसित करना, तनाव प्रबंधन और मानसिक स्वास्थ्य, , राजभाषा, कार्यालय प्रक्रियाएं और वित्तीय प्रबंधन आदि पर कार्यशालाएं केंद्रित थीं । इन सभी प्रशिक्षणों का उद्देश्य कर्मचारियों का व्यावसायिक विकास करना और कक्षा में होने वाली गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिए उनके कौशल को अद्यतन करना है ।

अन्य गतिविधियों के अंतर्गत, दिनांक 02 से 08 अप्रैल 2026 तक मिशन कर्मयोगी- साधना सप्ताह का आयोजन और 21 जून 2026 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन भी भव्य रूप से किया गया । इन सभी कार्यक्रमों को संकाय सदस्यों, प्रतिभागियों, संसाधकों और अतिथि वक्ताओं के योगदान से सुचारू और सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया ।

आइए हम सब मिलकर आगे बढ़ें और सीखने, नवाचार और सहयोग की संस्कृति को पोषित करते रहें । शिक्षक-प्रशिक्षण को मजबूत करने की दिशा में उठाया गया हर कदम हमारे विद्यार्थियों और हमारे राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य को आकार देने में योगदान देता है ।

आप सभी को निरंतर सफलता और सुखद भविष्य की शुभकामनाएं।

**श्री सरदार सिंह चौहान**
**निदेशक**

## संपादक-मंडल

**श्री डी. विक्रम कुमार वर्मा**
प्रशिक्षण सहयोगी (प्राथमिक)

**श्री राजेश कुमार गड़तीया**
प्रशिक्षण सहयोगी (प्राथमिक)

# Yoga as a Paradigm Shift for Modern Education and Living - (From Annamaya Kosha to Anandamaya Kosha)

On June 21, 2026, the world celebrated the 12th International Day of Yoga under the highly relevant theme, "Yoga for Healthy Ageing." While the theme naturally spotlights lifelong vitality, its core message strikes a deeper chord: healthy ageing begins in youth. Far from being a mere series of physical contortions, yoga has evolved into a global movement for preventive healthcare and self-care. It serves as an internal anchor in an increasingly chaotic, fast-paced world, offering a roadmap to lifelong harmony.

The Four Pillars of Holistic Fitness

Yoga acts as a comprehensive technology for human well-being, touching upon every dimension of our daily existence:

- Physical Fitness (Annamaya Kosha): Modern life often confines us to chairs and screens. Asanas (postures) like Tadasana and Bhujangasana restore spinal health, improve flexibility, and build core strength, reversing the physical toll of a sedentary lifestyle.
- Emotional Stability (Pranamaya Kosha): True emotional health is not the absence of varied emotions but the ability to remain calm within them. Through Pranayama (breath regulation), we can consciously regulate our autonomic nervous system, shifting the body out of stress mode and into deep relaxation.
- Mental Clarity (Manomaya Kosha& Vigyanamaya Kosha): By silencing the constant chatter of the mind, mindfulness and Dhyana (meditation) build focus and improve cognitive memory retention.
- Social Harmony (Anandamaya Kosha): Yoga means "to unite- uniting the body and the soul." Fostering internal peace naturally enhances our empathy and patience, enabling healthier, more compassionate interactions with the people around us.

Nurturing the Pillars of Education: Teachers and Students

The modern educational landscape is highly demanding. Teachers frequently experience burnout due to heavy workloads, while students face intense academic competition. For educators, a short daily practice acts as a reset button, helping them manage classroom stress and approach teaching with renewed patience. For students, yoga serves as an accessible mental tool to reduce exam anxiety, sharpen attention spans, and process new concepts without feeling overwhelmed.

# Yoga as a Paradigm Shift for Modern Education and Living - (From Annamaya Kosha to Anandamaya Kosha)

Yoga offers a direct antidote to screen addiction. It encourages youth to step away from external notifications and turn their focus inward. Practices like Yoga Nidra (Non-sleep deep rest) and deep breathing naturally recalibrate the Central Nervous System into deep restorative rest while maintaining conscious awareness. Instead of turning to a screen, adolescents learn to find comfort in a calm, balanced mind. This mindful awareness helps them pause before reaching for their phones, changing their relationship with technology from an impulsive habit into an intentional choice.

NEP 2020 and NCF 2023-Connecting to Yoga

The integration of wellness into education is no longer just an optional extra; it is a key national priority. India's National Education Policy (NEP) 2020 and the National Curriculum Framework for School Education (NCF) 2023 have transformed yoga from a separate, outsourced activity into an essential part of the core curriculum.

Instead of treating it as a once-a-week physical education slot, these frameworks integrate yogic principles directly into daily learning. Whether through short breathing breaks between academic lectures or by connecting experiential science lessons to the biology of breathing, yoga is now woven into the fabric of the school day.

The results speak for themselves. Those schools that have adopted these mindful practices report fewer behavioural issues, higher classroom engagement, and an overall happier environment. By prioritizing the well-being of our students and teachers, we aren't just improving test scores—we are helping raise a healthier, more balanced generation for the future aiming at Viksit Bharat 2047.

**Mrs Anuradha Rajarao**
**Training Associate (Biology)**

"योग का प्रत्येक श्वास, स्वास्थ्य और सकारात्मकता की ओर एक नया कदम है।"

# प्रशिक्षण पर एक नजर
## *Trainings at a glance*

| क्र.सं. | दिनांक | प्रशिक्षण कार्यक्रम का नाम | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 15 से 17 अप्रैल 2026<br>15 to 17 April 2026 | 'कक्षा 5 की नई पाठ्यपुस्तकों का उन्मुखीकरण' पर कार्यशाला<br>Workshop on 'Orientation on New Textbooks of Class 5' | 54 |
| 2 | 20 से 24 अप्रैल 2026<br>20 to 24 April 2026 | 'योग्यता आधारित शिक्षण पद्धति के माध्यम से सामाजिक विज्ञान शिक्षण को बढ़ावा देना' पर कार्यशाला<br>Workshop on 'Enhancing Social Science Teaching through Competency Based Learning Approach' (AECS) | 42 |
| 3 | 20 से 24 अप्रैल 2026<br>20 to 24 April 2026 | 'आधारभूत और प्रारम्भिक चरणों में आंदमय शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए शिक्षण पद्धतियाँ ' पर कार्यशाला (समूह 1 : पुनर्निर्धारित)<br>Workshop on 'Pedagogical Approaches for fostering joyful learning in Foundational & Preparatory Stages' (AECS) | 40 |
| 4 | 28 से 30 अप्रैल 2026<br>28 to 30 April 2026 | 'कक्षा 8 की नई गणित पाठ्यपुस्तक का उन्मुखीकरण और शिक्षण क्रियाकलाप' पर कार्यशाला<br>Workshop on 'Orientation & Pedagogical Transaction of the new Mathematics Text Book for class 8' | 36 |
| 5 | 28 से 30 अप्रैल 2026<br>28 to 30 April 2026 | "कक्षा 8 की नई विज्ञान की पाठ्यपुस्तक का उन्मुखीकरण' पर कार्यशाला<br>Workshop on 'Orientation on New Textbooks of Class 8 Science' | 41 |
| 6 | 05 से 08 मई 2026<br>05 to 08 May 2026 | के वि सं मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालयों और जीट के स्टेनो, अनुभाग अधिकारियों और सहायक अनुभाग अधिकारियों हेतु 'कार्यालय प्रक्रियाएं और वित्तीय प्रबंधन' पर कार्यशाला<br>Workshop for Steno/ SO / ASO / SSA of HQ, ROs and ZIETs on 'Office Procedures and Financial Management' | 41 |
| 7 | 11 से 15 मई 2026<br>11 to 15 May 2026 | 'व्यवसायिक अध्ययन में रणनीतिक सामग्री विकास और उच्च-प्रभाव वाले संसाधनों का निर्माण' पर कार्यशाला<br>Workshop on 'Strategic Content development and Crafting High-Impact Resources in Business Studies' | 29 |

# प्रशिक्षण पर एक नजर
# Trainings at a glance

| क्र.सं. | दिनांक | प्रशिक्षण कार्यक्रम का नाम | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 8 | 11 से 15 मई 2026<br>11 to 15 May 2026 | 'भौतिकी की नई परिकल्पना: विषय-वस्तु प्रस्तुति से लेकर दक्षता विकास तक' पर कार्यशाला<br>Workshop on 'Reimagining Physics: Content Delivery to Competency Development' | 36 |
| 9 | 18 से 22 मई 2026<br>18 to 22 May 2026 | 'अवधारणा से कक्षा तक: रसायन विज्ञान में विषयवस्तु को समृद्ध बनाना और संसाधन तैयार करना ' पर कार्यशाला<br>Workshop on 'Concept to Classroom : Enriching content and creating resources in Chemistry' | 38 |
| 10 | 20 से 22 मई 2026<br>20 to 22 May 2026 | सहायक अनुभाग अधिकारियों, वरिष्ठ और कनिष्ठ सचिवालय सहायकों हेतु ' कार्यालय खातों और प्रक्रियाओं में दक्षता और सटीकता बढ़ाना' पर कार्यशाला (समूह-1 : भुवनेश्वर, गुवाहाटी एवं सिलचर संभाग)<br>Workshop on 'Enhancing efficiency & accuracy in Office Accounts and Procedures (Batch-1) | 36 |
| 11 | 21 मई 2026<br>21 May 2026 | राजभाषा अधिनियम : शिक्षकों के लिये परिचय एवं अनुपालन' पर गैर-हिन्दी शिक्षकों हेतु ऑनलाइन कार्यशाला (समूह -1 : भुवनेश्वर संभाग)<br>Workshop on 'राजभाषा अधिनियम : शिक्षकों के लिए परिचय एवं अनुपालन' ONLINE | 56 |
| 12 | 25 और 26 मई 2026<br>25 to 26 May 2026 | 'कक्षा 1 और 2 के लिए प्रस्तुत ई -कंटेन्ट संसाधन सामग्री की जाँच' पर कार्यशाला<br>Workshop on 'Vetting of e-Content for Classes 1 & 2' | 30 |
| 13 | 01 से 05 जून 2026<br>01 to 05 June 2026 | 'अर्थशास्त्र में रणनीतिक सामग्री विकास और उच्च-प्रभाव वाले संसाधन तैयार करना' पर कार्यशाला<br>Workshop on 'Strategic Content Development and Crafting High-impact Resources in Economics' | 44 |
| 14 | 03 से 05 जून 2026<br>03 to 05 June 2026 | 'कार्यालय खातों और प्रक्रियाओं में दक्षता और सटीकता बढ़ाना' पर कार्यशाला (समूह-2 : कोलकाता, राँची और तिनसुकिया संभाग)<br>Workshop on 'Enhancing efficiency & accuracy in Office Accounts and Procedures (Batch-2) | 43 |

# प्रशिक्षण पर एक नजर
# Trainings at a glance

| क्र.सं. | दिनांक | प्रशिक्षण कार्यक्रम का नाम | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 15 | 10 और 11 जून 2026<br>10 and 11 June 2026 | 'बुनियादी पोषण : बालवाटिक शिक्षकों हेतु 02-दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम' पर ऑनलाइन कार्यशाला<br>Workshop on 'Nurturing Foundations : 02-Day Capacity Building Programme for Balvatika Teachers' ONLINE | 67 |
| 16 | 18 और 19 जून 2026<br>18 & 19 June 2026 | 'तनाव प्रबंधन और मानसिक स्वास्थ्य के माध्यम से कक्षा में प्रभावी शिक्षणाधिगम' पर ऑनलाइन कार्यशाला<br>Workshop on 'Stress Management and Mental Well-being in Teachers for Effective Classroom Transactions' ONLINE | 59 |
| 17 | 24 और 25 जून 2026<br>24 & 25 June 2026 | 'छात्रों में 21 वीं सदी के कौशल विकसित करने में अग्रणी के रूप में पुस्तकालयाध्यक्ष' पर ऑनलाइन कार्यशाला<br>Workshop on 'Librarian as Pioneer in Developing 21st Century Skills among Students' ONLINE | 63 |
| **तिमाही में कुल प्रशिक्षुओं की संख्या / Total number participants in the quarter** | | | **755** |

# प्रशिक्षण सहयोगियों का सतत व्यावसायिक विकास
## Continuous Professional Development of Training Associates


1. One day Workshop on 'Value Education Programme for Teachers' held by Ramakrishna Mission, Bhubaneswar on 29th Macrh 2026, was attended by Smt. Anuradha Raja Rao, TA (Biology), Shri. D Vikram Kumar Varma, TA (Primary) and Dr. Biswa Bag, TA (Library).

2. Capacity Building Programme / Workshop for Key functionaries and Teachers on 'Effective Implementation of Skill Education Initiatives in Schools' at PSSCIVE, Bhopal held on 23 and 24 April 2026, was attended by Smt. Lopamudra Panigrahi, TA (Chem) and Dr. Biswa Bag, TA (Library)

3. A session was taken in CPD workshop for teachers of PM SHRI KV No. 2, CRPF Bhubaneswar on 30 June 2026 on the topic 'Lesson Planning and Multidisciplinary Projects (MDP) as per NEP 2020' by Shri. Rajesh Kumar Gartia, Training Associate (Primary).





# संस्थान की गतिविधियां

## मिशन iGOT कर्मयोगी – साधना सप्ताह

## Mission iGOT Karmayogi- Sadhna Saptah (02 to 08 April 2026)

***02 से 06 अप्रैल:*** *सभी कर्मचारियों ने iGOT कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) पर केंद्रित चार घंटे से अधिक की ऑनलाइन प्रशिक्षण पूरी की। इससे उन्होंने AI के बारे में अपनी जानकारी और बुनियादी समझ को बेहतर बनाया, साथ ही डिजिटल क्षमता और खुद से सीखने की आदत को बढ़ावा दिया।*

***07 अप्रैल 2026:*** *'भारतीय ज्ञान प्रणालियाँ' (Indian Knowledge Systems) पर एक वेबिनार आयोजित किया गया, जिसमें ओडिशा के ब्रह्मपुर स्थित खल्लिकोट यूनिटरी यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रो. प्रफुल्ल कुमार मोहंती अतिथि वक्ता थे। इस वेबिनार में भारतीय ज्ञान प्रणालियों पर ज्ञानवर्धक चर्चा हुई और इससे स्थानीय ज्ञान, परंपराओं और आज की शिक्षा में उनकी प्रासंगिकता के बारे में समझ बेहतर हुई । लगभग 2300 लोगों ने इस ऑनलाइन सत्र को देखा।*

***08 अप्रैल 2026:*** *'स्कूली शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023 के संदर्भ में स्कूली शिक्षा में समकालीन तौर-तरीके' विषय पर प्रशिक्षित स्नातक शिक्षकों के लिए एक दिन की ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें अलग-अलग संभागों के 88 शिक्षकों ने वर्चुअल रूप में हिस्सा लिया। इस कार्यशाला में जिन मुख्य विषयों पर चर्चा की गई, उनमें 'स्कूली शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023, समग्र शिक्षा के लिए क्रॉस-कटिंग थीम्स को लागू करना, मध्य स्तर के लिए शिक्षण रणनीतियाँ, और क्षमता-आधारित शिक्षण तरीकों को लागू करना शामिल था।*




## पूर्व निदेशक को विदाई / Bidding Farewell to Former Director



के.वि.सं. क्षेत्रीय कार्यालय सिलचर में उपायुक्त के रूप में स्तानान्तरण पर जा रहे संस्थान के पूर्व-निदेशक डॉ. अनुराग यादव को 05 मई 2026 को कर्मचारियों के द्वारा भावपूर्ण विदाई दी गई।

# संस्थान की गतिविधियाँ

## नए निदेशक का स्वागत / Welcoming the New Director




के.वि.सं. भुवनेश्वर संभाग के उपायुक्त श्री सरदार सिंह चौहान का 06 मई 2026 को संस्थान के निदेशक के रूप में अतिरिक्त पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक स्वागत किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन
## Celebration of International Day of Yoga 2026

21 जून 2026 को ‘स्वस्थ आयु के लिए योग’ (Yoga for Healthy Ageing) थीम के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। संस्थान के सभी कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम मे भाग लिया, जिसकी शुरुआत ध्यान सत्र से हुई। इसके पश्चात कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगासन किए गए। नियमित रूप से योग करने के फ़ायदों पर संक्षिप्त चर्चा के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



# राजभाषा का कार्यान्वयन
# Implementation of Rajbhasha


## राजभाषा तिमाही बैठक / Rajbhasha Quarterly Meeting (on 27 April 2026)

*राजभाषा कार्यान्वयन समिति अप्रैल-जून 2026 की तिमाही बैठक का आयोजन दिनांक 27/04/2026 को किया गया। माननीय डॉ. अनुराग यादव, निदेशक, आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, भुवनेश्वर ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई और लिए गए निर्णयों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई के बारे में सभी को सूचित किया गया। जनवरी-मार्च 2026 तिमाही मे संस्थान के द्वारा 'क' 'ख' और 'ग' क्षेत्रों मे किया गया हिंदी पत्राचार 100 प्रतिशत था। दिनांक 31.03.2026 को समाप्त तिमाही की हिन्दी प्रगति आख्या पर चर्चा की गई। वार्षिक कार्यक्रम में दिए गए लक्ष्यों के बारे में चर्चा हुए और सभी कर्मचारियों से आग्रह किया की गया की इन निर्देशों का अनुपालन करें। इस संबंध में सभी को के.वि.सं (मु) से प्राप्त दिशा निर्देशों की जानकारी दी गई। संस्थान में आयोजित हर प्रशिक्षण / कार्यशाला में राजभाषा हिंदी पर अनिवार्य रूप से एक सत्र लिया जाता है। निदेशक महोदय ने संस्थान में राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन एवं प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त की।*



## राजभाषा कार्यशाला / Rajbhasha Workshop (21st May 2026)

*संस्थान के द्वारा अप्रैल – जून 2026 तिमाही के अंतर्गत एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन दिनांक 21 मई 2026 को ऑनलाइन माध्यम से किया गया। प्रथम सत्र का संचालन राजभाषा प्रभारी, श्री शंकर्षण जेना, प्रशिक्षण सहयोगी (अर्थशास्त्र), आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, भुवनेश्वर द्वारा "राजभाषा नीति, नियम और संवैधानिक प्रावधान" विषय पर किया गया। दूसरा सत्र अतिथि वक्ता श्री पंकज मिश्रा, स्नातकोत्तर शिक्षक (हिंदी) एवं राजभाषा प्रभारी, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भुवनेश्वर द्वारा लिया गया। उन्होंने "हिंदी अनुवाद से संबंधित सामान्य नियम" विषय पर अत्यंत विस्तारपूर्वक एवं प्रभावशाली ढंग से प्रकाश डाला। अंतिम सत्र श्री राजेश कुमार गडतिया, प्रशिक्षण सहयोगी, आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, भुवनेश्वर के मार्गदर्शन में "राजभाषा हिंदी में प्रयोग में लाई जा रही नवीनतम तकनीक (कंठस्थ संस्करण 2.0, अनुवादिनी, वॉइस टाइपिंग आदि)" विषय पर एक अभ्यास सत्र के रूप में आयोजित किया गया। इस सत्र में प्रतिभागियों ने अंग्रेज़ी पाठ का हिंदी में अनुवाद करने का व्यावहारिक अभ्यास किया।*



# प्रशिक्षण की झलकियां



'कक्षा 5 की नई पाठ्यपुस्तकों का उन्मुखीकरण' पर कार्यशाला
Workshop on 'Orientation on New Textbooks of Class 5'
(15 से 17 अप्रैल 2026)




20 से 24 अप्रैल 2026: परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालयों के प्रशिक्षित स्नातक शिक्षकों (सामाजिक विज्ञान) हेतु 'योग्यता आधारित शिक्षण पद्धति के माध्यम से सामाजिक विज्ञान शिक्षण को बढ़ावा देना' पर कार्यशाला

# प्रशिक्षण की झलकियां









20 से 24 अप्रैल 2026: परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालयों के प्राथमिक शिक्षकों हेतु 'आधारभूत और प्रारम्भिक चरणों में आंदमय शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए शिक्षण पद्धतियाँ ' पर कार्यशाला









28 से 30 अप्रैल 2026: 'कक्षा 8 की नई गणित पाठ्यपुस्तक का उन्मुखीकरण और शिक्षण क्रियाकलाप' पर कार्यशाला

# प्रशिक्षण की झलकियां








28 से 30 अप्रैल 2026: "कक्षा 8 की नई विज्ञान की पाठ्यपुस्तक का उन्मुखीकरण' पर कार्यशाला










05 से 08 मई 2026: के वि सं मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालयों और जीट के स्टेनो , अनुभाग अधिकारियों और सहायक अनुभाग अधिकारियों हेतु 'कार्यालय प्रक्रियाएं और वित्तीय प्रबंधन' पर कार्यशाला

# प्रशिक्षण की झलकियां




11 से 15 मई 2026: "व्यवसायिक अध्ययन में रणनीतिक सामग्री विकास और उच्च-प्रभाव वाले संसाधनों का निर्माण' पर कार्यशाला




11 से 15 मई 2026: 'भौतिकी की नई परिकल्पना: विषय-वस्तु प्रस्तुति से लेकर दक्षता विकास तक' पर कार्यशाला

# प्रशिक्षण की झलकियां







18 से 22 मई 2026: अवधारणा से कक्षा तक: रसायन विज्ञान में विषयवस्तु को समृद्ध बनाना और संसाधन तैयार करना ' पर कार्यशाला








20 से 22 मई 2026: सहायक अनुभाग अधिकारियों, वरिष्ठ और कनिष्ठ सचिवालय सहायकों हेतु ' कार्यालय खातों और प्रक्रियाओं में दक्षता और सटीकता बढ़ाना' पर कार्यशाला (समूह-I : भुवनेश्वर, गुवाहाटी एवं सिलचर संभाग)

# प्रशिक्षण की झलकियां








25 और 26 मई 2026: 'कक्षा 1 और 2 के लिए प्रस्तुत ई -कंटेन्ट संसाधन सामग्री की जाँच' पर कार्यशाला










01 से 05 जून 2026: 'अर्थशास्त्र में रणनीतिक सामग्री विकास और उच्च-प्रभाव वाले संसाधन तैयार करना' पर कार्यशाला

# प्रशिक्षण की झलकियां



03 से 05 जून 2026: 'कार्यालय खातों और प्रक्रियाओं में दक्षता और सटीकता बढ़ाना' पर कार्यशाला (समूह-2 : कोलकाता, राँची और तिनसुकिया संभाग)





10 और 11 जून 2026: 'बुनियादी पोषण : बालवाटिक शिक्षकों हेतु 02-दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम' पर ऑनलाइन कार्यशाला

# प्रशिक्षण की झलकियां




18 और 19 जून 2026: 'तनाव प्रबंधन और मानसिक स्वास्थ्य के माध्यम से कक्षा में प्रभावी शिक्षणाधिगम' पर ऑनलाइन कार्यशाला




24 और 25 जून 2026: 'छात्रों में 21 वीं सदी के कौशल विकसित करने में अग्रणी के रूप में पुस्तकालयाध्यक्ष' पर ऑनलाइन कार्यशाला

# प्रतिभागियों के विचार.../Participants Speak...



The workshop on 'Orientation on New Textbooks of Class 5' from 15 to 17 April 2026 was informative and well organized. It gave me a clear understanding of NCF SE 2023 and its focus on Competency-based and activity-based learning. The sessions were very interactive and useful strategies to transact the new textbooks of Class 5 were discussed in an effective manner. The group activities and discussions helped in sharing ideas and learning from others. Overall, the workshop was quite enriching and will positively impact my classroom practices.

**Shri. Abhishek Prajapati, PRT, PM SHRI KV Burdwan (Kolkata Region)**



'आधारभूत और प्रारम्भिक चरणों में आंदमय शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए शिक्षण पद्धतियाँ' पविशे पर दिनांक 20 से 24 अप्रैल 2026 तक आयोजित 05-दिवसीय कार्यशाला में साक्षरता और संख्यात्मकता विकास पर विशेष बाल दिया गया । बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए खेल-आधारित और गतिविधि-आधारित शिक्षण विधियों पर सत्र आयोजित किए गए । इस कार्यशाला से यह स्पष्ट हुआ की प्रारम्भिक शिक्षा को प्रभावी बनाने के लिए शिक्षकों को नवीन और छात्र-केंद्रित शिक्षण विधियों को अपनाने की आवश्यकता है । यह कार्यशाला प्राथमिक शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक सिद्ध हुई ।

**श्रीमती पिंकी लता गौतम, प्राथमिक शिक्षिका, परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय, नरोरा**




The workshop for TGTs (Social Science) of AECS on 'Enhancing Social Science Teaching through Competency Based Learning Approach' from 20 to 24 April 2026 organized by ZIET, Bhubaneswar was a highly enriching and insightful experience. It provided us an excellent platform to enhance our teaching skills and update our knowledge in line with the modern educational practices as per NEP 2020. The sessions were well organized and covered wide range of relevant topics such as NCF SE 2023, Competency Based learning and assessment, learning outcome based lesson planning, Experiential learning, integrated learning approach, Art Integrated learning, ICT etc. The Resource Persons were knowledgeable, approachable and encouraged active participation making the sessions meaningful.

**Shri. Padmanava Naik, TGT (S.Sc.), Atomic Energy Central School, Kakrapar**



'कक्षा 8 की नई गणित पाठ्यपुस्तक का उन्मुखीकरण और शिक्षण क्रियाकलाप' पर 28 से 30 अप्रैल 2026 तक आयोजित कार्यशाला में भाग लेना मेरे लिए अत्यंत लाभदायक सिद्द हुआ । इस कार्यशाला का उद्देश्य केवल नए पाठ्यपुस्तकों को समझना ही नहीं, गणित जैसे विषय को अनुभवजन्य शिक्षण के माध्यम से छात्रों के लिए रुचिकर बनाना भी था । इस कार्यशाला के सत्रों से यह स्पष्ट हुआ की गणित सिर्फ एक विषय ही नहीं एक कला भी है । यह कार्यशाला हम सभी प्रतिभागियों के लिए बौद्धिक ऊर्जा की तरह रही । कार्यशाला के निदेशक, संसाधकों और समन्वयक का हृदय से आभार ।

**श्रीमती प्रीति रानी, प्रशिक्षित स्नातक शिक्षिका (गणित), के वि लाँगडींग, तिनसुकिया संभाग**



'व्यवसायिक अध्ययन में रणनीतिक सामग्री विकास और उच्च-प्रभाव वाले संसाधनों का निर्माण' पर 11 से 15 मई 2026 तक आयोजित कार्यशाला अत्यंत प्रेरणादायक और उपयोगी रही । इस कार्यशाला में आयोजित विभिन्न सत्रों से शिक्षण की नवीन तकनीकों, सक्रिय अधिगम, अनुभवात्मक शिक्षण तथा विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ाने के प्रभावी तरीकों की जानकारी प्राप्त हुई । विशेष रूप से विषय-वस्तु को रोचक एवं विद्यार्थियों के अनुकूल बनाने हेतु डिजिटल संसाधनों और आकलन की विधियों पर चर्चा अत्यंत लाभकारी रही । कार्यशाला के समस्त संसाधकगणों द्वारा विषय को सरल, व्यावहारिक एबम प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया ।

**श्री सुधीर कुमार सिन्हा, स्नातकोत्तर शिक्षिक (वाणिज्य), के वि केरिपुब , अमेरिगाग (गुवाहाटी संभाग)**

# प्रतिभागियों के विचार.../Participants Speak...



The workshop on 'Enhancing efficiency & accuracy in Office Accounts and Procedures' from 03 to 05 June 2026 at ZIET Bhubaneswar was well planned, informative and highly relevant to our day-to-day responsibilities in the Vidyalaya office. I would like to specially appreciate the Resource Persons who explained complex rules and procedures in a simple and practical manner. The examples shared during the sessions made concepts easier to understand and apply in our work place. The topics dealt during the workshop will certainly help me improve my efficiency, accuracy and confidence while performing official duties. The workshop has not only strengthened our technical knowledge but has also motivated us to maintain high standards of professionalism, accountability and transparency in office administration.

**Shri. Kundan Kumar, SSA, KV No.2 Imphal (Tinsukia Region)**

*In the 02 days' workshop organized by ZIET Bhubaneswar on the topic" Librarian as Pioneer in developing 21st Century skills among Students" on 24 and 25 June 2026, all the sessions were designed, prepared and delivered in a beautiful manner. It was a great learning experience where subject experts, learned and experienced librarians introduced, defined and described the concept in an elegant manner. Their valuable suggestions made the learning a little easier. We learnt the concept of 21st century skills in great detail. Peer learning also took place through this workshop as Librarians from different regions gave their valuable inputs in the discussion. Overall it was an amazing experience and great learning opportunity for all the participants.*

***Mr. Mehboob Ahmad, Librarian, PM SHRI KV NO 2 Itanagar ( Tinsukia Region)***





## "योगः कर्मसु कौशलम्।"

**–योग हमें हर कर्म में उत्कृष्टता का मार्ग दिखाता है।**




**योग अपनाइए, तनाव भगाइए।**

Website: http://www.zietbhubaneswar.kvs.gov.in
Blog: https://zietbbsronline.blogspot.com
https://www.facebook.com/ziet.bhubaneswar.9
https://twitter.com/zietbhubaneswar